28 जून 2013

जिला प्रशासन का गांव अरनौली (खण्ड गुहला) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1 कृषि विभाग द्वारा 4 व्यक्तियों को बायोगैस प्लांट लगाने के लिए अनुदान राशि के चैक वितरित किए गए तथा दो व्यक्तियों के बायोगैस प्लांट के केस स्वीकृत किए गए। विभाग द्वारा पांच व्यक्तियों को धान की सीधी बिजाई के लिए एक–एक किट वितरित की गई तथा चार किसानों की किट बूक की गई। अनाज भंडारण के लिए चार व्यक्तियों को टंकियों की बूकिंग की गई

2. उपमंडलाधीश कार्यालय द्वारा 245 लर्नर ड्राइविंग लाईसैंस बनाए गए।

3. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 120 डुप्लीकेट राशन कार्ड जारी किए गए।

4. जिला प्रशासन के जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव के 296 पानी के कनैक्शन नियमित किए गए।

5. रक्तदान शिविर में 25 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

6. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 116 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।

7. जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा लर्नर ड्राईविंग लाइसैंस के लिए 245 व्यक्तियों का मैडिकल चैकअप किया गया।

8. पशुपालन विभाग द्वारा 868 पशुओं का उपचार किया गया।

9. निर्वाचन विभाग द्वारा 92 नए वोट तथा 102 मतदाता पहचान पत्रों में शुद्धि की गई।

10. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 125 वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

11. श्री ओमप्रकाश जिंदल ग्रामीण जन कल्याण संस्थान द्वारा 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

12. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैनात चिकित्सकों द्वारा 461 लोगों का उपचार किया गया, 207 विभिन्न टैस्ट किए गए।

13. लीड बैंक द्वारा 150 व्यक्तियों को ऋण संबंधी जानकारी दी गई।

14. गांव के 1200 व्यक्तियों के आधार कार्ड हेतू आवेदन स्वीकृत किए गए।

15. बिजली विभाग द्वारा 30 कुंडी कनैक्शनों को नियमित किया गया तथा 7 उपभोक्ताओं का लोड बढाया गया।

16. जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा दो अनाथ बच्चों की पैंशन स्वीकृत करवाई गई।

17. गुरू गोबिदं सिहं राजकीय बहुतकनीकी संस्थान द्वारा 80 विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा की जानकारी दी गई ।

18. राजस्व विभाग द्वारा 14 इंतकाल दर्ज किए गए, 50 रिहायशी प्रमाण पत्र तथा 62 जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए।

19 50 परिवारों को प्रियदर्शनी आवास योजना की प्रथम किश्त के तौर पर 12 लाख रूपये की धनराशि खातों मे जमा करवाकर प्रमाण–पत्र वितरित किए गए।

20 इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी विवाह शगुन योजना के 35 लाभार्थियों के खातों में 10 लाख 7 हजार रूपये की धनराशि जमा करवाई गई।

21 उपायुक्त ने ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र के लिए दो लाख रूपये , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने, गांव में स्थित खरीद केंद्र तथा पशुपालन अस्पताल के भवन की मुरम्मत की घोषणा की। ग्रामीणों की मांग पर गांव से शराब का ठेका हटाया गया।